

# प्राथमिकता से हटवाएं तालाबों के कैचमेंट एरिया के अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च।** जिले के जिन तालाबों के कैचमेंट एरिया (जल आवक क्षेत्र) में कोई रुकावट या अतिक्रमण है तो उसे प्रमुखता से हटाएं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के

**जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

दौरान इस काम को प्रमुखता से अंजाम देने के निर्देश दिए हैं। इसलिये इस कार्य में कोई ढिलाई न हो। इस आशय के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत भी मौजूद थे। कलेक्टर चौहान ने नगर निगम आयुक्त व जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा इस कार्ययोजना में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, जलाशयों के कैचमेंट एरिया की रुकावट हटाने, जल स्त्रोतों के समीप रीचार्ज संरचनाओं का निर्माण, नालों की सफाई, पुराने कुँओं व बावड़ियों के जीर्णोद्धार सहित जल संरक्षण व संवर्धन से संबंधित अन्य कार्यों को प्रमुखता से शामिल करें। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना में पिछले साल की तरह बड़े पैमाने पर खेत तालाबों व अमृत सरोवरों का निर्माण, पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार व हैंडपंपों के किनारे सोकपिट, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य कार्यों को इस साल की जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए। विदित हो पिछले साल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में लगभग 930 खेत तालाब बनाए गए थे। बैठक में कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रभावी ढंग से शिविर आयोजित करने के निर्देश भी बैठक में दिए। साथ ही कहा कि निराकरण का ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य अपलोड किया जाए।



**जनभागीदारी से जिले के हर शहर व बड़े कस्बों में प्याऊ लगवाएं**

ग्रीष्म ऋतु के दौरान व्यापक स्तर पर पेयजल प्याऊ स्थापित कराने के संबंध में दिए गए निर्देशों के पालन में ग्वालियर जिले में भी पिछले साल की तरह व्यापक स्तर पर प्याऊ स्थापित कराई जायेंगीं। कलेक्टर ने नगर निगम सहित जिले की सभी नगर पालिका / नगर परिषदों में जनभागीदारी से पर्याप्त प्याऊ शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। पिछले साल जिले में 450 से अधिक प्याऊ ग्रीष्म ऋतु के दौरान संचालित रहीं थीं।

**नरवाई प्रबंधन में गौशालाओं को भागीदार बनाया जायेगा**

ग्वालियर जिले में भी मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा के अनुरूप नरवाई प्रबंधन में गौशालाओं को भागीदार बनाया जायेगा। कलेक्टर ने गौशालाओं को नरवाई काटने व उससे भूसा बनाने वाले उपकरण खरीदवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा हार्वेस्टर व ट्रेक्टर के साथ स्ट्रारीपर उपकरण लगाकर नरवाई काटी जा सकती है। इससे खेतों में ही नरवाई जलाने की जरूरत नहीं रहती। कलेक्टर ने कृषि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को नरवाई जलाने से होने वाली हानियां और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी के प्रति किसानों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

# होली के बाद निगम ने चकाचक किया शहर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च।** रंगों एवं गुलाल के पर्व होली के त्यौहार बीत जाने के बाद आज नगर निगम ग्वालियर ने साफ-सफाई अभियान चलाकर सडकों और कालोनियों को स्वच्छ किया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के नेतृत्व में स्वच्छता विभाग की कमान संम्हाल रहे अपर आयुक्त प्रतीक राव के निर्देशों पर आज निगम का सफाई अमला कालोनी, मोहल्लों व नगर की मुख्य सडकों पर सफाई अभियान में जुटा।

आज सुबह से ही नगर निगम का सफाई विभाग और उससे जुडे कर्मचारी शहर की सडकों पर थे, सभी ने पूरे शहर को एक साथ जुटकर चकाचक कर दिया। इसी प्रकार यह सफाई कार्य कालोनियों और मोहल्लों में भी दिखाई दिया।

स्वच्छता के कार्य के लिये नगर निगम कमिश्नर संघ प्रिय सहित अपर आयुक्त प्रतीक राव व अन्य अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर बेहतर सफाई के निर्देश भी दिये। वार्ड 31 में गांधी नगर, कांती नगर ,गायत्री नगर , तानसेन रोड, राजेन्द्र प्रसाद कालोनी में भी साफ-सफाई के लिये स्वच्छता अमले ने पूरी शिद्धत से कार्य किया। यहां क्षेत्राधिकारी सहित दरोगा गोविंद चैहान ने भी सफाई कार्य अपने निर्देशन में कंपलीट कराया।

# 11 को होंगे 11 बेटियों के सामूहिक विवाह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च।** आगामी 10 एवं 11 मार्च को 11 कन्याओं का निशुल्क विवाह समारोह राजमाता विजय राज सिंधिया स्टेडियम

**आज संतों की मौजूदगी में होगा भूमिपूजन**

छतरी बाजार में आयोजित किया जा रहा है। जनआस्था ग्रुप के अध्यक्ष पार्षद मोहित जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के लिए 6 मार्च को सुबह 11 बजे कार्यक्रम स्थल पर भूमिपूजन किया जाएगा। इस अवसर पर दंदरौआ हनुमान मंदिर के महंत रामदास महाराज, गंगादास की शाला के महंत रामसेवक दास, आदर्श गौशाला के ऋषभदेवानंद, संत कृपाल महाराज, समरतीर्थ महाराज, ढोली बुआ महाराज, झिरिया वाले महाराज, अमितानन्द महाराज, संतोष गुरुजी, जगद्गुरु आनंदेश्वर महाराज का सानिध्य रहेगा। 10 मार्च को शाम 4 बजे से रात 10 बजे से तक हल्दी और मेहंदी की रस्म एवं महिला संगीत होगा। 11 मार्च को शहर के अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में दोपहर 2 बजे से विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मोहित जाट, कन्हैयालाल आनंद, अशोक चौधरी, प्रदीप मुदगल ,चंद्र प्रकाश खंडेलवाल, विमल जैन, सादिक भाई, सोनू अभिनव राजौरिया, जितेंद्र जायसवाल, अमित ठाकरे, प्रवीण श्रीवास्तव, नारायण प्रजापति ने शहरवासियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# घर में सो रहे युवक पर हमला, पीट-पीटकर की हत्या

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च।** ग्वालियर में घर में घुसकर सो रहे युवक पर बाप-बेटे समेत तीन हमलावरों ने लाठी-लुहांगी से हमला कर दिया। हमलावरों ने बेरहमी से युवक के हाथ-पैर, सिर और सीने पर वार

**रिश्तेदारों के सामने बेइज्जती का बदला लेने की हत्या**

किए। इसके बाद हमलावर बंदूक से गोलियां चलाते हुए भाग गए। घटना बिजौली के सरसपुरा गांव की है। घायल को परिजन गंभीर हालत में जेएएच के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान बुधवार को घायल ने दम तोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक, हमलावर के नाती के बर्थ-डे पार्टी में गया था। वहां किसी बात पर मुंहवाद हो गया था।



उस समय तो रिश्तेदारों के बीच बात आई गई हो गई, लेकिन रात को हमलावरों ने हमला कर दिया। पुलिस ने शव को निगरानी में ले लिया है। साथ ही पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर रही है। ग्वालियर के बिजौली थाना स्थित सरसपुरा गांव में गब्बर सिंह का टोला निवासी 45 वर्षीय रामसेवक उर्फ बल्ली पुत्र गब्बर सिंह गुर्जर पेशे से किसान था और शराब पीने का आदी था। मंगलवार को गांव में ही रहने वाले ऑफिसर गुर्जर उर्फ मुन्ना के घर पर नाती का बर्थ-डे समारोह था। समारोह में रामसेवक भी न्यौता खाने गया था। रात 8 बजे वह लौटकर आया और घर की बैठक में सो गया। कुछ ही दूरी पर उसका बड़ा भाई रामअख्यतार सिंह व कल्याण सिंह भी सो रहे थे। तभी ऑफिसर गुर्जर उर्फ मुन्ना, उसका बेटा विनोद गुर्जर निवासी सरसपुरा व एक रिश्तेदार संतीश गुर्जर निवासी बांके का पुरा गोहद भिंड पहुंचे। ऑफिसर के हाथ में बंदूक थी और विनोद, सतीश लाठी व लुहांगी पकड़े गए हुए थे। तीनों ने बिना कोई बात किए रामसेवक पर सोते में ही हमला कर दिया। आरोपियों ने सिर, सीना, पेट व हाथ-पैर पर ताबड़तोड़ वार किए। रामसेवक की चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके भाई जागे जब तक तो हमलावर उसकी बुरी हालत कर चुके थे। भाइयों को कमरे में पहुंचने पर ऑफिसर, विनोद व सतीश बंदूक से गोलियां चलाते हुए भाग गए।

**बर्थ-डे पार्टी में टशन में हुआ मुंहवाद**

जानकारी के मुताबिक मृतक व हमलावर ऑफिसर सिंह गुर्जर में बातचीत होती थी। यही कारण था कि ऑफिसर के नाती के बर्थडे में मंगलवार की रात रामसेवक गया था। वहां खाना खाने के दौरान दोनों के बीच में मुंहवाद हो गया।

## भीम आर्मी के नेता दामोदर यादव 7, 8 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर आएंगे



**ग्वालियर 5 मार्च.** आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के नेता दामोदर यादव 7, 8 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर ग्वालियर मुरैना जिले में कई बैठकें लेंगे। वे संकल्प पदयात्रा के लिए पत्रकार वार्ता कर पार्टी नेताओं से मुलाक़ात करेंगे। पार्टी द्वारा संभागीय बैठको का आयोजन मुरैना एवं ग्वालियर में किया जा रहा है। वे ग्वालियर में पत्रकार वार्ता में संकल्प पदयात्रा का कार्यक्रम जारी करेंगे। दतिया से ग्वालियर तक आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में पदयात्रा होने जा रही है। डॉ. अम्बेडकर मूर्ति लगाने देश प्रदेश से एक लाख लोगों के यात्रा में सम्मिलित होने का अनुमान है।

# दुश्मनों को फंसाने दोस्त के सीने में गोली मारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च.** युवक ने दुश्मनों को हत्या के प्रयास के मामले में फंसाने के लिए अपने ही दोस्त के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही दोस्त खड़ी बाइक पर गिर पड़ा। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। गोली मारने की घटना का

**वारदात के बाद फरियादी बनकर थाने पहुंचा आरोपी**

सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामला गोला का मंदिर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक घायल युवक का नाम विकास साहू (24) है, जो शिव कॉलोनी का निवासी है। वहीं गोली मारने वाले उसके दोस्त का नाम मधुसूदन उर्फ पोपट सिंह तोमर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।



**पिता बोले- भतीजे ने बताया बेटे को गोली लगी है**

घायल के पिता राकेश साहू ने बताया कि बुधवार रात जब वह ड्यूटी से घर लौटे, तभी उनका भतीजा अमित दौड़ते हुए आया और बताया कि विकास को गोली लग गई है। उसे मैक्स अस्पताल ले जाया गया है। यह सुनते ही परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने के कारण विकास को जेएएच अस्पताल रेफर कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मधुसूदन उर्फ पोपट खुद फरियादी बनकर थाने पहुंच गया। उसने पुलिस को बताया कि विकास को रवि गुर्जर, कल्ली और उसके साथी शैलू गुर्जर ने गोली मारी है। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से भाग गए हैं। विकास गंभीर रूप से घायल है।

# भाईदूज पर केन्द्रीय जेल में बहनों ने की भाईयों से मुलाकात

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च.** होली की भाईदूज पर केन्द्रीय जेल एवं संभाग की सर्किल जेलों में बहनों ने भाईयों से मुलाकात की। भाईदूज के दिन सुबह से ही बहनें केन्द्रीय जेल पहुँचीं। जेल

**केन्द्रीय जेल ग्वालियर सहित 3343 बंदियों को लगाए तिलक**

प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत लगभग 3343 बंदियों से 9413 माता-बहनें एवं उनके छोटे बच्चों ने मुलाकात की। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में परिरूद्ध बंदियों की माता-बहनों ने शांतिपूर्वक सुरक्षा के साथ भाईदूज पर मुलाकात की। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से भाईदूज के अवसर पर बड़ी संख्या में बहनों ने पहुँचकर भाईयों से मुलाकात की।



केन्द्रीय जेल अधीक्षक विदित सिरवैया से मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय जेल ग्वालियर में भाईदूज के अवसर पर 2400 बंदियों को उनकी बहनों व अन्य परिजनों ने तिलक लगाए। इसी तरह दतिया जिला जेल में 182 बंदियों की 307 बहनें, मुरैना जिला जेल में 265 बंदियों की 745 बहनें, सबलगढ़ उप जेल में 27 बंदियों की 118, विजयपुर उप जेल में 24 बंदियों की 55, अम्बाह उप जेल में 80 बंदियों की 339, जौरा उप जेल में 40 बंदियों की 112, लहार उप जेल में 75 बंदियों की 182, मेहगांव उप जेल में 69 बंदियों की 246, गोहद उप जेल में 58 बंदियों की 160, डबरा उप जेल में 97 बंदियों की 276 एवं उप जेल सेंवढ़ा में 26 बंदियों की 73 बहनों ने मुलाकात की एवं तिलक लगाए।

**CHANGE OF NAME & D.O.B.**

I, KUMAR CHARAN ROUT is legally father of No. 4286364W Rank- HAV, Name - KAMALA LOCHANA ROUT Presently Residing at village Paikianara, Po. Puruna Tiigiria Teh.-Tigiria Dist.-Cuttack state-Odisha, Pin 754030 have changed my name from KUMAR CHARAN ROUT to KUMAR ROUT & Date of Birth From- 11.12.1962 to 15.09.1955, Vide Affidavit No. DC 471526 & Date- 27.02.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जय वीर सिंह कुशवाह (Jay Vir Singh Kushawah) Army No. 2897051H निवासी- काम सिंह का पुरा, पोस्ट- नुन्हाटा, जिला भिण्ड (म.प्र.) सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम SHIV POOJAN SINGH KUSHWAH त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरे पुत्र का सही नाम SHIV POOJAN SINGH KUSHAWAH, को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. 78AA 986995 & date 05.03.2026 before district court Gwalior (M.P.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जय वीर सिंह कुशवाह (Jay Vir Singh Kushawah) Army No. 2897051H निवासी- काम सिंह का पुरा, पोस्ट- नुन्हाटा, जिला भिण्ड (म.प्र.) सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम SUMIT SINGH KUSHWAH त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरे पुत्र का सही नाम SUMIT SINGH KUSHAWAH को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. 78AA 286088 & date 05.03.2026 before district court Gwalior (M.P.)

# अपोलो हॉस्पिटल में महिला दिवस पर होगा 'मातृत्व 2026 - द ब्यूटी ऑफ मदरहुड' का आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च.** आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल्स द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'मातृत्व 2026 - द ब्यूटी ऑफ मदरहुड' कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च को दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक रेडिशन होटल में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य मातृत्व की सुंदरता का सम्मान करना तथा गर्भवती महिलाओं को एक सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्य-जागरूक मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत 'प्रेग्नेंट वुमन फैशन शो' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर की गर्भवती महिलाएं 'लिटिल मिरेकल वॉक' के माध्यम से मातृत्व की गरिमा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करेंगी।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

लिटिल मिरेकल वॉक द्वारा मातृत्व का उत्सव, स्वास्थ्य जागरूकता सत्र, मनोरंजक गतिविधियाँ एवं सरप्राइज गिफ्ट्स, स्त्री रोग विशेषज्ञों एवं शिशु रोग विशेषज्ञों से सीधा संवाद, विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार, प्रतिभागियों के लिए गिफ्ट हैम्पर्स. यह कार्यक्रम मदर एण्ड चाइल्ड विभाग आरजेएन अपोलो हॉस्पील्टस एवं रोटरी क्लब ग्वालियर जागृति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि कार्यक्रम में सीमित सीटें उपलब्ध हैं तथा पंजीकरण पूर्णत: नि:शुल्क है। इच्छुक गर्भवती महिलाएं एवं प्रायोजक इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। मोबा. - 91091 26110 और 91092 37221 है। आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल सदैव मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता रहा है और इस आयोजन के माध्यम से शहर में मातृत्व के प्रति सम्मान, जागरूकता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

**CHANGE OF NAME**

I, Padhma Biswal Mother of No. 15161915K BHM (Gnr) Swapan Kumar Bisal presently residing at village- Trilochan pur, Post- Sijgeria, The-Kharagpur Dist- Paschim Medinipur State- West bengal Pin-721139 That I have Changed My name from PADHMA BISWAL to PADMA RANI BISAL due to wrongly entered in my son's service documents. That my date of birth is 01 July 1949 That I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my name. That both name PADHMA BISWAL & PADMA RANI BISAL pertain to one and the same person. That I shall at all times hereafter in all records deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions private as well as under all occasions what so ever be known as only PADMA RANI BISAL.

**आम सूचना**

श्रीमती राजश्री पत्नी श्री रणवीर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित बेलदारपुरा, ग्राम कोटा लश्कर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.38 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1851, 1852, 1853/1 एवं 1855/3 ग्राम कोटा लश्कर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 612 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भवन श्री नारायण सिंह, पश्चिम में रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में- भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री दौलतराम पुत्र श्री रामचरन, संतो पुत्री श्री रामचरन के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री दौलतराम कुशवाह का स्वर्गवास दिनांक 11.01.2021 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री रामस्वरूप पुत्र स्व. श्री दौलतराम कुशवाह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये। श्री रामस्वरूप कुशवाह का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2023 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती माया पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप कुशवाह, श्री दामोदर पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप कुशवाह,पार्वती, पिंकी पुत्रियां स्व. श्री रामस्वरूप कुशवाह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती पार्वती का स्वर्गवास दिनांक 15.12.2023 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री दिनेश पुत्र श्री दाताराम सिंह उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। 1. श्री दामोदर, 2. पिंकी, 3. श्री दिनेश द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती राजश्री पत्नी श्री रणवीर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी21आईजीआर17402025 ए100658984 दिनांक 28.07.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती राजश्री द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री दौलतराम कुशवाह, श्री रामस्वरूप कुशवाह एवं श्रीमती पार्वती के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710




**डॉ. कुमार क्लीनिक**

DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST

गुप्त रोग विशेषज्ञ

नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज

2000 से अधिक रोगियों का विश्वास

पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर

संपर्क करें-9090848460

# निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 मार्च।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही विस्तृत निर्देश भी जारी किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं।

**Name Change Notice**

I, Janai Vithal Kurmile W/o No-JC770786F Rank- Sub Name- Kurmile Vithal Manohar residing at Unit 256FD, WKSP C/o 56APO Pin- 906256 have Changed my name from Janai to Janai Vithal Kurmile vide affidavit no. BX-195623 dated 17/2/2026.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जय वीर सिंह कुशवाह (JAY VIR SINGH KUSHAWAH) Army No. 2897051H निवासी- काम सिंह का पुरा, पोस्ट- नुन्हाटा, जिला भिण्ड (म.प्र.) सूचित करता हूं कि- मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम SUPRIYA त्रुटिवश अंकित है। अत: मेरी पुत्री का सही नाम SUPRIYA KUMARI को मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं. 78AA 286087 & date 05.03.2026 before district court Gwalior (M.P.)